कार्यालय महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,उत्तर प्रदेश, छठा तल जवाहर भवन, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3 / 2016 / 2794 लखनऊःदिनांकः **29 सितम्बर 2016**

नीट यू0पी0 2016 के अन्तर्गत प्रदेश के राजकीय मेडिकल कालेजों में रिक्त सीटों को भरे जाने हेतु मॉपअप राउण्ड आवंटन के संबंध में अति आवश्यक सूचना

नीट यू0पी0 2016 के अन्तर्गत प्रदेश के राजकीय मेडिकल कालेजों में आवंटित छात्रों के प्रवेश न लेने, त्यागपत्र देने अथवा किसी अन्य कारण से रिक्त सीटों पर मॉपअप राउण्ड के माध्यम से आवंटन की कार्यवाही दिनांक 30 सितम्बर 2016 को सम्पन्न की जाएगी, जिसका विवरण निम्नलिखित हैः–

दिनांक एवं काउंसिलिंग स्थल	आमंत्रित अभ्यर्थी
दिनांक 30.9.2016 सायं 6:00 बजे से **(मात्र टेलीमेडिसिन सेन्टर, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ पर)**	**1. ओवर आल स्टेट रैंक–1 से 2000 तक के अन्तर्गत आने वाले –** • अनारक्षित / General - (OP, GL,) • OBC-(OP, GL) **2. ओवर आल स्टेट रैंक–01 से 12000 तक के अन्तर्गत आने वाले–** • SC - (OP, GL) • ST (OP, GL श्रेणी के सभी अर्ह)

- विशेष आवंटन (MOP UP ROUND) हेतु निम्न अभ्यर्थी अर्ह होंगे–
  1. नीट 2016 में उत्तीर्ण एम0बी0बी0एस0 / बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम हेतु अर्ह अभ्यर्थी जिनके पास पास मूल प्रमाण पत्र उपलब्ध है अथवा नीट 2016 की पूर्व काउंसिलिंग के माध्यम से BDS पाठ्यक्रमों में प्रवेशित है। बी0डी0एस0 में प्रवेशित इच्छुक छात्रों द्वारा इस विशेष आवंटन में प्रतिभाग करने हेतु सम्बन्धित कालेजों से त्याग पत्र देते हुए मूल प्रमाण–पत्रों के साथ विशेष आवंटन में उपस्थित होना आवश्यक है।
- इस आवंटन में कोई पुनरावंटन (Reshuffeling) अनुमन्य नही होगा। विशेष आवंटन (MOP UP ROUND) हेतु निम्न अभ्यर्थी अर्ह नही होंगे–
  1. नीट यू0पी0 2016 की प्रथम / द्वितीय काउंसिलिंग के माध्यम से एम0बी0बी0एस0 आवंटन प्राप्त (प्रवेशित / अप्रवेशित / त्यागपत्र दे चुके) अभ्यर्थी।
  2. नीट 2016 (15%All India quota) के माध्यम से प्रवेशित अभ्यर्थी।
  3. विशेष आवंटन (MOP UP ROUND) में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही आवंटन की कार्यवाही की जायेगी। अभ्यर्थी द्वारा मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने की स्थिति में अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।
- **विशेष आवंटन (MOP UP ROUND) में अभ्यर्थियों को समान पाठ्यक्रम में कालेज का परिवर्तन / पुनरावंटन अनुमन्य नहीं होगा, यद्यपि पाठ्यक्रम / विधा परिवर्तन (Course Change) का विकल्प ही अनुमन्य होगा।**
- इस सम्बन्ध में छात्रों द्वारा विशेष ध्यान रखा जाय कि क्योकि यह प्रक्रिया विशेष आवंटन की है तथा काउन्सिलिंग की नही। अतः इस प्रकार से जिन छात्रों द्वारा त्याग पत्र दिया गया है, उन्हें पुनः अपने मूल सीट पर प्रवेश उपलब्ध नही होगा। उदाहरणतः यदि बी0डी0एस0 में प्रवेशित छात्र द्वारा विशेष आवंटन में प्रतिभाग लेने की इच्छा से त्याग पत्र देते हुए विशेष आवंटन प्रक्रिया में प्रतिभाग किया गया परन्तु इच्छानुसार एम0बी0बी0एस0 सीट नही उपलब्ध हुयी तो ऐसी दशा में इस छात्र को बी0डी0एस0 में पुनः कोई भी सीट उपलब्ध नही होगी।
- विशेष आवंटन (MOP UP ROUND) के माध्यम से आवंटित सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया आवंटन स्थल **(टेलीमेडिसिन केन्द्र, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ)** पर ही सम्पन्न करायी जानी है, अतः अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–2240 / 71–3–2010–328 / 92, दिनांक 20 अगस्त, 2010 **(वेबसाईट www.updgme.in पर उपलब्ध)** द्वारा निर्धारित प्रवेश संबंधी शुल्क के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें ताकि आवंटन स्थल पर ही प्रवेश सम्बन्धी कार्यवाही पूर्ण की जा सके।
- छात्रों की सुविधा हेतु काउंसिलिंग शुल्क रू0 800 / – (रूपये आठ सौ मात्र) तथा सिक्योरिटी धनराशि रू0 5000 / – (रूपये पॉच हजार मात्र) जमा करने की व्यवस्था काउंसिलिंग स्थल पर ही प्रदान की जायेगी।

● ऐस अभ्यर्थी, जिनके द्वारा सिक्योरिटी धनराशि नीट 2016 की प्रथम/द्वितीय काउंसिलिंग के समय जमा की जा चुकी है, तथा उन्हे कोई आवंटन प्राप्त नहीं हुआ है, उन्हे सिक्योरिटी धनराशि रू0 5000/– जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी।

महानिदेशक